राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

दिनांकः 02.12.2022

ऑनलाईन विस्तृत आवेदन एवं सेवा प्राथमिकता क्रम के संबंध में

आर.ए.एस / आर.टी.एस. संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2021 के मुख्य परीक्षा परिणाम दिनांक 30.08.2022 के अन्तर्गत भूतपूर्व सैनिक / विभागीय कर्मचारी / उत्कृष्ट खिलाडी वर्ग के सफल घोषित अभ्यर्थियो में से अपात्र पाए गए अभ्यर्थियों के विरूद्व घोषित परिणाम दिनांक 24.11.2022 में उत्तीर्ण 17 अभ्यर्थी एवं पूर्व में ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम नहीं भरने वाले 02 अभ्यर्थियों रोल नं. 911422 व 916042 को ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम भरा जाना है। अतः अभ्यर्थी निम्नांकित दिशा–निर्देशों की पालना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें :–

1. **ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम :–** उक्त सभी अभ्यर्थी SSO पोर्टल **https://sso.rajasthan.gov.in** पर लॉगिन कर तथा रिक्रूटमेंट पोर्टल में "My Recruitment" Section के अन्तर्गत Detailed Form cum Scrutiny लिंक को क्लिक कर विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम अनिवार्य रूप से ऑनलाईन भरें। **आयोग द्वारा ऑफलाईन भरे गये विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम स्वीकार नहीं किये जावेंगे।**
2. **विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाईन भरने के लिए उक्त लिंक केवल दिनांक 04.12.2022 (समय 00.00 ए.एम.) से 11.12.2022 (रात्रि 12 बजे) तक उपलब्ध रहेगा, इसके पश्चात् कोई अवसर देय नहीं होगा।**
3. उक्त परीक्षा के अन्तर्गत आयोग की वेबसाईट पर दिनांक 16.09.2022 को राज्य एवं अधीनस्थ सेवाओं का सेवावार पदक्रम जारी किया गया है।
4. **उक्त अभ्यर्थी ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम के संबंध में पूर्व में जारी विशेष दिशा–निर्देशों का आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध प्रेस–नोट दिनांक 16.09.2022 एवं सेवा प्राथमिकता प्रपत्र का आवश्यक रूप से अवलोकन करें।**
5. **TSP -** टीएसपी क्षेत्र के अभ्यर्थियों द्वारा TSP एवं NON-TSP दोनों प्रकार की सेवाओं के लिए प्राथमिकता क्रम नहीं भरने की स्थिति में उनका दोनों प्रकार की सेवाओं के पदों के लिए विचारण सम्भव नहीं होगा।
6. अभ्यर्थी द्वारा सेवा प्राथमिकता प्रपत्र में जिन सेवाओं को प्राथमिकता क्रम दिया जावेगा, उन्हें केवल उन्हीं सेवाओं हेतु विचारित किया जावेगा।
7. **उक्त सभी अभ्यर्थी ऑनलाईन भरे गये विस्तृत आवेदन पत्र मय सेवा प्राथमिकता क्रम (02 प्रतियों में) एवं आवश्यक दस्तावेजों की स्व–हस्ताक्षरित छायाप्रति के साक्षात्कार के समय साथ लावें।**
8. विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाईन भरने के उपरांत ही साक्षात्कार में प्रवेश दिया जावेगा।

(आशुतोष गुप्ता)
संयुक्त सचिव